बिहार राज्य पथ परिवहन निगम

(बिहार सरकार का उपक्रम)

परिवहन भवन, वीरचंद पटेल पथ, पटना-1

विज्ञापन सं० 3591...... पटना, दिनांक 13/10/2022

आवश्यकता

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम, प्रधान कार्यालय, पटना द्वारा टंकक (कम्प्यूटर) के पद पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। यह नियोजन योगदान की तिथि से 01 वर्ष के लिए किया जाएगा। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर आवश्यकतानुसार सेवा अवधि बढ़ायी जा सकती है, जिसकी विवरणी निम्न है :-

क्र० सं०	पद का नाम	पद की सं०	प्रतिमाह मानदेय	अहर्त्ता
1	टंकक (कम्प्यूटर)	35	₹15,500 (इसी राशि में से वैधानिक कटौती की जायेगी)	(i) इन्टरमीडिएट पास, (ii) मान्यता प्राप्त संस्थान से निर्गत ADCA का प्रमाण पत्र, (iii) टाईपिंग दक्षता- (Computer से) हिन्दी टाईपिंग - 25 words एवं अंग्रेजी टाईपिंग- 30 words (per minutes minimum with accuracy), (iv) पत्र एवं टिप्पणी प्रारुपण का ज्ञान, (v) दो वर्षों का कार्यानुभव (बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जायेगी),

1. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र, अपने बायो डाटा एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रति, हाल का 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ निगम मुख्यालय, परिवहन भवन, वीर चन्द पटेल पथ, पटना में दिनांक 17.11.2022 के अपराह्न 03.00 बजे तक स्वयं जमा कर सकते हैं अथवा निबंधित डाक से भेज सकते हैं।
2. आवेदक की उम्र- दिनांक 01.09.2022 को अधिकतम उम्र निम्नानुसार होना चाहिए :-
   (क) अनारक्षित वर्ग (पुरुष)- 40
   (ख) पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरुष एवं महिला)- 43
   (ग) अनारक्षित वर्ग (महिला)- 43
   (घ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरुष एवं महिला)- 45
3. टंकक (कम्प्यूटर) के लिए अनारक्षित/ आरक्षित पद का विवरणः-
   (i) अनारक्षित- 09 पद (05 पद महिला हेतु आरक्षित 35% के तहत),
   (ii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग- 02 पद (01 पद महिला हेतु आरक्षित 35% के तहत),
   (iii) पिछड़ा वर्ग- 03 पद (02 पद महिला हेतु आरक्षित 35% के तहत),
   (iv) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग- 04 पद, (02 पद महिला हेतु आरक्षित 35% के तहत),
   (v) अनुसूचित जाति- 04 पद (02 पद महिला हेतु आरक्षित 35% के तहत),
   (vi) अनुसूचित जनजाति- 01 पद
4. आरक्षित पद के लिए आरक्षित कोटि के अनुसार आय एवं परि-सम्पति प्रमाण-पत्र/ क्रीमी लेयर रहित (NCL) जाति प्रमाण-पत्र अवश्य संलग्न किया जाय।
5. आवेदक के विरुद्ध माननीय न्यायालय एवं थाना में कोई आपराधिक वाद/निगरानी वाद/विभागीय कार्यवाही/ आरोप लंबित नहीं होने के संबंध में नोटरी का शपथ-पत्र आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
6. आवेदकों से प्राप्त आवेदन-पत्रों के जाँचोंपरान्त चयनित उम्मीदवारों को Selection Process हेतु बुलाया जायेगा। इसके लिए निगम द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. Selection Process :-
   - Computer Based Test (CBT)
   - Typing Test (Hindi & English)
   - Interview
8. सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या 963 दिनांक 20.01.2016 के अनुसार योग्य महिला अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में उसी भर्ती वर्ष में संगत कोटि (आरक्षित/गैर आरक्षित) के पुरुष उम्मीदवारों से पदों को भरा जा सकेगा।
9. नियोजन हेतु चयनोपरान्त आवेदकों को योगदान के समय असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र एवं सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. नियोजन पश्चात् पदस्थापन बिहार राज्य में स्थित किसी भी कार्य स्थल पर हो सकती है।

13/10/22

प्रशासक